1. सभी विवरण उम्मीदवार द्वारा स्वयं भरने होंगे ।
2. अंतर विश्वविद्यालय प्रवासन प्रमाण पत्र केवल पंजीकरण रिकार्ड के विवरण के अनुसार ही जारी किया जाएगा ।
3. प्रवासन प्रमाण पत्र जारी होने के बाद उम्मीदवार को इस विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई छात्र इस विश्वविद्यालय से प्रवासन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद किसी भी परीक्षा में उपस्थित होता है तो उसकी डिग्री अमान्य मानी जाएगी।
4. यदि किसी उम्मीदवार ने पहले ही इस विश्वविद्यालय से अपना प्रवासन प्रमाण पत्र जारी करवा लिया है और वह प्रवासन प्रमाण पत्र दोबारा लेना चाहता है तो उसे डुप्लीकेट प्रवासन प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करना होगा और एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें कहा जाएगा कि उसने प्रवासन प्रमाण पत्र का उपयोग नहीं किया है । इस विश्वविद्यालय से पहले ही जारी किए गए प्रवासन प्रमाण पत्र/अंतिम बार उपस्थित संस्थान द्वारा जारी किए गए प्रवासन प्रमाण पत्र को आवश्यक शुल्क के साथ, यदि लागू हो, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर तय किया जाता है, जमा करके अपना पंजीकरण नंबर बहाल करें।
5. यदि कोई छात्र अपनी डिग्री पूरी किए बिना प्रवासन प्रमाण पत्र चाहता है तो उसे संबंधित कॉलेज/संस्थान के प्रिंसीपल/निदेशक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अपलोड़ करना होगा।
6. जिन छात्रों ने इस विश्वविद्यालय से कोई परीक्षा दी है, उन्हें अंतर विश्वविद्यालय प्रवासन प्रमाण पत्र उनके परिणाम घोषित होने के बाद ही जारी किया जाएगा ।
7. अपूर्ण आवेदन पत्र के विषय में किसी भी देरी के लिए कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
8. एक बार भुगतान किया गया प्रवासन शुल्क वापिस नहीं किया जाएगा।
9. अंतर-विश्वविद्यालय प्रवासन प्रमाण पत्र उन उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जो पहले से ही इस विश्वविद्यालय में पंजीकृत हैं।
10. अंतर विश्वविद्यालय प्रवासन प्रमाण पत्र लेने के लिए उम्मीदवार को व्यक्तिगत पहचान प्रमाण यानि आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसैंस, पैन कार्ड आदि में से कोई एक अपलोड़ करना होगा।

आवेदन शुल्क

1. सामान्य तौर पर यानि जहां प्रवासन प्रमाण पत्र 10-15 कार्यदिवसों के अन्दर जारी किया जाना है, जिसकी फीस 1100/- रुपये होगी (IUMC जारी करने की समय-सीमा विसंगति/प्रश्न, यदि कोई हो, को दूर करने पर निर्भर करेगी) ।
2. विशेष तौर पर (exceptional) यानि जहां प्रवासन प्रमाण पत्र 3 कार्यदिवसों के अन्दर जारी किया जाना है, जिसकी फीस 2500/- रुपये होगी (IUMC जारी करने की समय-सीमा विसंगति/प्रश्न, यदि कोई हो, को दूर करने पर निर्भर करेगी) ।
3. सामान्य तौर पर डुप्लीकेट प्रमाण पत्र यानि जहां प्रवासन 10-15 कार्यदिवसों के अन्दर जारी किया जाना है, जिसकी फीस 3500/- रुपये होगी (IUMC जारी करने की समय-सीमा विसंगति/प्रश्न, यदि कोई हो, को दूर करने पर निर्भर करेगी) ।
4. विशेष तौर पर (exceptional) डुप्लीकेट प्रमाण पत्र यानि जहां प्रवासन 3 कार्यदिवसों के अन्दर जारी किया जाना है, जिसकी फीस 4500/- रुपये होगी (IUMC जारी करने की समय-सीमा विसंगति/प्रश्न, यदि कोई हो, को दूर करने पर निर्भर करेगी) ।